आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 29.08.2024 समय 1830

- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल की वेबसाइट का लोकार्पण किया।**
- **प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों को डी.बी.टी के माध्यम से 7 करोड़ रुपये से अधिक की पुरस्कार धनराशि का वितरण किया।**
- **सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे की अतिक्रमण भूमि पर कल से सर्वे का काम शुरू होगा।**
- **केंद्र सरकार ने पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा से लगे उच्च हिमालयी क्षेत्र के गांवों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए धनराशि जारी की।**
- **प्रदेश में 'क्लाउड किचन' संचालकों को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।**

...............

**राष्ट्रीय खेल दिवस**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल की वेबसाइट का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में राज्य के खिलाड़ियों को एक ही स्थान पर अपना पंजीकरण करने और उपलब्धियां दर्ज करने के उद्देश्य से ब्ण्ड्रैण्त्ै पोर्टल भी लाचं किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में छात्रों के लिए खेल गतिविधियों से जुड़ी स्नातक कक्षाओं को शुरू करने की घोषणा की। श्री धामी ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत चयनित 2 हजार 600 खिलाडियों में से 10 प्रतिशत खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर चयनित कर विशेष प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के 3 हजार 900 खिलाड़ियों को डी.बी.टी के माध्यम से कुल 58 लाख 50 हज़ार रूपये की छात्रवृत्ति वितरित की। साथ ही मुख्यमंत्री ने 269 राष्ट्रीय, 58 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और 65 प्रशिक्षको को डी.बी.टी के माध्यम से 7 करोड़ 4 लाख रुपये की पुरस्कार धनराशि का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिभाग करने वाले उत्तराखंड के 4 खिलाड़ियों– लक्ष्य सेन, परमजीत सिंह, सूरज पंवार और अंकिता ध्यानी को 50 – 50 लाख की धनराशि के चेक प्रदान किये।

**राश्ट्रीय खेल दिवस– 02**

राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रदेश भर के स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खेल विभाग ने चमोली जिले में क्रॉस कंट्री दौड़, कबड्डी, बैडमिंटन और हॉकी प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने पुरस्कृत किया। उधर, टिहरी जिले में आज मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। जिला युवा कल्याण विभाग ने चंबा विकासखंड के बादशाही थैल मैदान में

रस्साकशी, गोला फेंक, दौड़ सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। युवा कल्याण विभाग के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुरेश गोसाई ने बताया कि प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पौड़ी जिले के कंडोलिया में आयोजित क्रास कंट्री दौड़ को ज़िला युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र फोनिया ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। आकाशवाणी से बातचीत में श्री फोनिया ने बताया कि आज जिले के सभी पन्द्रह विकासखण्ड मुख्यालयों में खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

**अतिक्रमण भूमि पर सर्वे**

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर नैनीताल के हल्द्वानी स्थित बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे की अतिक्रमण भूमि पर कल से सर्वे का काम शुरू हो जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के अनुसार रेलवे ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया था, जिसके बाद एक समिति गठित की गई है। समिति में जल संस्थान, नगर निगम, बिजली विभाग, राजस्व विभाग, बाल विकास, खाद्य आपूर्ति विभाग समेत कई विभाग शामिल हैं।

**राज्य निर्वाचन आयुक्त**

सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुशील कुमार को राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया है। सुशील कुमार उत्तराखंड कैडर के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक और आईपी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से एमबीए किया है। राज्य सिविल सेवा में शामिल होने से पहले उन्होंने भारतीय सेना में इंजीनियर्स कोर में कमीशन प्राप्त अधिकारी के रूप में भी काम किया है।

**क्लाउड किचन'**

उत्तराखंड खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन ने प्रदेश भर में अनाधिकृत रूप से चल रहे ''क्लाउड किचन'' संचालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसके तहत अब ''क्लाउड किचन'' के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण से पंजीकरण अनिवार्य होगा। प्रशासन ने सभी ''क्लाउड किचन'' संचालकों को 15 सितंबर तक भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण में पंजीकरण कराने को कहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त ताजबर जग्गी ने बताया कि प्रदेश में चल रहे कई क्लाउड किचन मानकों की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पंजीकरण और मानको का अनुपालन सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को स्वच्छ भोजन मिल सके।

**पिथौरागढ़**

केंद्र सरकार ने पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा से लगे उच्च हिमालयी क्षेत्र के गांवों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए धनराशि जारी कर दी है। केंद्र ने राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ गांवों को जोड़ने वाली पांच सड़कों के लिए 1 सौ 20 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है। कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इन कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही इन सड़कों पर काम शुरू हो जाएगा।

**वरूणावत पर्वत भूस्खलन**

उत्तरकाशी जिले के वरुणावत पर्वत के गोफियारा गांव के ऊपर भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद तकनीकी समिति ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। जिलाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। साथ ही विशेषज्ञों की राय ली जाएगी और प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा व उपचार के लिए जल्द दीर्घकालिक उपाय सुनिश्चित करने की कार्रवाई की जाएगी। श्री बिष्ट ने बताया कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट में कुछ संस्तुतियां की गई हैं, जिनमें इस क्षेत्र में भूस्खलन को फैलने से रोकने के उपाय सुनिश्चित करना भी शामिल है।

**कीवी उत्पादन**

चंपावत जिले के किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की उद्यान विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों के लिए कौशल दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र की उद्यान वैज्ञानिक डॉ. रजनी पंत ने बताया कि जिले के 50 किसानों को कीवी उत्पादन को लेकर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में किसानों को कीवी उत्पादन, प्रवर्धन, संरक्षण और विपणन की जानकारियां दी गई।

**'एक पेड़ माँ के नाम'**

चंपावत जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। केंद्र प्रभारी डॉ. दीपाली पांडे ने बताया कि आईटीबीपी के जवानों, केंद्र के कार्मिकों, किसानों और स्थानीय लोगों ने पौधे रोपे। उन्होंने बताया कि इस वैश्विक अभियान के तहत केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय सितंबर तक 80 करोड़ पौधे लगाएगा, जबकि वर्ष 2025 तक देशभर में 140 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

**राजस्व संवर्द्धन की बैठक**

पौड़ी जिलें में राजस्व संवर्द्धन और अनुश्रवण समिति की बैठक में खनन अधिकारी तथा उप–जिलाधिकारी कोटद्वार, श्रीनगर, सतपुली व यमकेश्वर को अवैध खनन को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को विद्युत चोरी रोकने के लिए छापेमारी करने को कहा। साथ ही उन्होंने राजस्व वसूली में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर

चमोली जिले के पोखरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र– सी.एच.सी में आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डाक्टर आसिफ अल्वी ने बताया कि शिविर में दो सौ से अधिक लोगों ने आयुष्मान आरोग्य शिविर का लाभ उठाया।

**मौसम**

**और अब एक नजर मौसम पर.....** प्रदेश में 2 सितंबर तक बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम विभाग ने आज देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग समेत राज्य के अधिकांश जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। बारिश और भूस्खलन से राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में अवरूद्ध मार्गों को खोलने का प्रयास जारी है।